सार-समाचार

## भारत विकास परिषद ने तुलसी के पौधे वितरित किए



**हिण्डौन सिटी**, (निसं)। भारत विकास परिषद, शाखा हिण्डौन सिटी की ओर से शनिवार को मोहन नगर स्थित शिवालय (शीशमहल मंदिर) में पर्यावरण गतिविधि के तहत तुलसी पौधा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान धार्मिक, आयुर्वेदिक एवं पर्यावरणीय दृष्टि से महत्वपूर्ण तुलसी के करीब 100 पौधों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं एवं स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक रामा व श्यामा तुलसी के पौधे प्राप्त किए और परिषद के इस पहल की सराहना की। शाखा पर्यावरण गतिविधि संयोजक वंदना शर्मा ने तुलसी के धार्मिक, औषधीय एवं पर्यावरणीय महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में तुलसी का विशेष स्थान है। भगवान विष्णु एवं उनके अवतारों की पूजा में तुलसी को महत्वपूर्ण माना गया है। आयुर्वेद की दृष्टि से भी तुलसी के अनेक उपयोग हैं। उन्होंने कहा कि तुलसी वातावरण को स्वच्छ रखने में सहायक होने के साथ-साथ कीट-पतंगों से बचाव में भी उपयोगी मानी जाती है। घर में तुलसी का पौधा सकारात्मक वातावरण एवं खुशहाली का प्रतीक माना जाता है। शाखा अध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता (बजाज) एवं पर्यावरण गतिविधि सदस्य अनिल गुप्ता (बॉबी) ने परिषद सदस्यों एवं मातृशक्ति के साथ पौधा वितरण किया। कार्यक्रम में रुक्मणी डेंटल क्लिनिक की परिषद सदस्य डॉ. हेमलता गुप्ता एवं डॉ. संतोष गुप्ता का विशेष सहयोग रहा।शाखा पदाधिकारियों ने बताया कि परिषद की ओर से पर्यावरण गतिविधि के अंतर्गत वर्षाकाल में वृक्षारोपण, पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन से संबंधित कार्य गंगा दशहरा से निरंतर किए जा रहे हैं। तुलसी पौधा वितरण भी इसी पर्यावरण जागरूकता अभियान का हिस्सा है।शाखा सचिव योगेश गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में प्रांतीय सेवा गतिविधि संयोजक देवेंद्र शर्मा, संस्कार गतिविधि (भारत को जानो) सदस्य पंकज जैन, शाखा सलाहकार सदस्य अशोक गर्ग, संस्कार गतिविधि संयोजक हुकम सिंह गुर्जर, महिला संयोजक पूजा सिंघल, शिक्षाविद् स्वरूप चंद गुप्ता, शंभू गुप्ता, अंशुल जैन, रचना गुप्ता, सुधा अग्रवाल, मंजू गोयल, गरिमा गुप्ता सहित परिषद के सदस्य उपस्थित रहे।

## भाजपा शहर मण्डल की बैठक संपन्न

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के निर्देशानुसार भाजपा शहर मंडल के पदाधिकारियों की मासिक संगठनात्मक बैठक जयपुर बाईपास स्थित मैरिज हॉम में आयोजित हुई। निवर्तमान सभापति शिवरतन अग्रवाल ने बताया कि बैठक में आगामी नगर निकाय और पंचायती राज चुनावों की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। संगठन ने सामाजिक समरसता के प्रतीक संत रविदास की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों पर भी मंथन किया। विशेष रूप से, 13 अगस्त को गंगापुर सिटी में प्रवेश करने वाले समरसता रथ के स्वागत की तैयारियों को लेकर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रणनीति पर भी विचार-विमर्श किया गया। इसके अतिरिक्त, माह के अंतिम रविवार को आयोजित होने वाले श्मन की बातश कार्यक्रम की अपलोडिंग और उसमें अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी चर्चा हुई। 9 से 11 अगस्त के बीच गंगापुर सिटी में प्रस्तावित भव्य तिरंगा यात्रा के आयोजन को लेकर भी विस्तार से बात की गई और कार्यकर्ताओं से इसे सफल बनाने का आह्वान किया गया। बैठक में भाजपा जिला सह मीडिया प्रमुख धनेश शर्मा ने बताया कि बैठक में निवर्तमान सभापति शिवरतन अग्रवाल, जिला मोर्चा संयोजक जमनालाल वैष्णव, शहर मंडल अध्यक्ष मिथलेश व्यास, शिवदयाल जोशी, कमलेश महावर, गोविंद गुप्ता, गोपाल धामोनिया, विष्णु गुरुजी, विकास सैनी, शैलेन्द्र श्रीवास्तव, मुकेश प्रजापत, चिरंजी लोधा, गोपाल गर्ग, ओमप्रकाश पटेल, कमला मीणा, मनीष सिंघल, जितेंद्र शर्मा केशव, मनोज सोनी, अंकित तंवर, देवेन्द्र गुर्जर सहित भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पोषाहार बनाते समय गैस सिलेण्डर में लगी आग, सहायिका झुलसी

**करौली**, (निसं)। लांगरा कस्बे के समीप स्थित गढ़ीकागांव के आंगनबाड़ी केन्द्र पर पोषाहार बनाते समय गैस सिलेण्डर लीक होने से आग लग गई। इससे केन्द्र पर कार्यरत सहायिका गंभीर रूप से झुलस गई। गंभीर रूप से झुलसी सहायिक सूरजबाई को तत्काल चिकित्सालय लाकर भर्ती कराया गया। गनीमत रही कि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया और कोई बड़ा हादसा घटित नहीं हुआ। इस संबंध में सूचना महिला एवं बाल विकास अधिकारी मण्डरायल को दी गई है। सहायिका के पुत्र बनवारी सैन और राजू सैन ने बताया कि उनकी मां सूरजबाई गढ़ीकागांव के आंगनबाड़ी केन्द्र पर सहायिका के पद पर कार्यरत हैं। सहायिका केन्द्र पर लाभार्थियों के लिए पोषाहार बना रही थी। इसी दौरान गैस सिलेण्डर के लीक होने से उसमें आग लग गई। इससे मां सूरजबाई का चेहरा व हाथ झुलस गए। हालांकि इस दौरान बच्चे अन्य स्थान पर बैठै हुए थे। सूरजबाई का यहा जिला चिकित्सालय में उपचार चल रहा है।

# तिरंगा अभियान से प्रत्येक भारतीय में राष्ट्रीय एकता और देश प्रेम की भावना हो रही प्रगाढ़ : कलैक्टर

- युवाओं एवं आमजन से अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाने का किया आव्हान
- जिला स्तरीय हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रभात फेरी निकाली



धौलपुर में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ने जिला स्तरीय प्रभात फेरी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

**धौलपुर**, (निसं)। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान को केवल तिरंगा फहराने तक सीमित न रखते हुए इसे व्यापक जन-जागरूकता अभियान का स्वरूप दिया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक इस अभियान से जुड़कर राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान एवं देशभक्ति की भावना को सुदृढ़ करने में अपनी भूमिका निभाए।

जिला कलक्टर ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान से प्रत्येक भारतीय में राष्ट्रीय एकता और देश प्रेम की भावना अधिक प्रगाढ़ हो रही हैं। उन्होंने युवाओं एवं आमजन से अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाने का आव्हानकरते हुए कहा कि सामूहिक भागीदारी से अभियान को जन-जन तक पहुंचाया जा सकता है। अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद बबली राम जाट ने कहा कि आज हम जिस आजाद भारत में सांस ले रहे हैं और हमें जो संवैधानिक अधिकार व स्वतंत्रताएं मिली हैं, वह अनगिनत राष्ट्रभक्तों और कई पीढ़ियों के त्याग व बलिदान का परिणाम है। उन्होंने कहा यह दिन उन सभी वीर सपूतों को नमन करने और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लेने का है।

जिले में रविवार को जिला स्तरीय हर घर तिरंगा अभियान के तहत आयोजित प्रभात फेरी के अवसर पर अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद बबली राम जाट ने हरी झंडी दिखाकर प्रभात फेरी को गांधी पार्क से रवाना किया। प्रभात फेरी गांधी पार्क से शुरू होकर गुलाब बाग होते हुए जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय पर समाप्त हुई।

प्रभात फेरी में सरकारी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, स्काउट के विद्यार्थियों, जिला परिषद तथा शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं कार्मिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। प्रतिभागी हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के भाव से ओतप्रोत प्रभात फेरी में शामिल हुए। प्रभात फेरी के माध्यम से आमजन को हर घर तिरंगा अभियान से जुड़ने तथा राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया गया।

जिला कलक्टर ने जिलेवासियों से हर घर तिरंगा अभियान में उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाने तथा अपने घरों, वाहनों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराकर अभियान को सफल बनाने की अपील की। साथ ही उन्होंने सभी लोगों से तिरंगे के साथ फोटो लेकर उसे..पर अपलोड करने की अपील की। इस अवसर पर सीडीपीओ मुकेश कुमार मंगल सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक एवं शिक्षिका उपस्थित रहे। इसी क्रम में 10 अगस्त को तिरंगा बाइक रैली, साईकिल रैली का आयोजन दोपहर 1 बजे से किया जाएगा। जोकि इंदिरा गांधी स्टेडियम बडी फील्ड से आरंभ होकर लाल बाजार, पैलेस रोड, गुलाब बाग होते हुए जिला कलेक्ट्रेट परिसर में समाप्त होगी।

## शिविर आयोजित

**भरतपुर**, (निसं)। महारानी किशोरी सर्व समाज महिला संगठन भरतपुर एवं वुमिन एम्पावरमेंट ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को विश्वप्रिय शास्त्री पार्क में नि:शुल्क स्वास्थ्य जागरूकता कैंप आयोजित किया गया।

कैंप का आयोजन संगठन की अध्यक्ष विमला चौधरी के नेतृत्व में प्रात: 7 से 9 बजे तक किया गया। कैंप में डॉ. रेनू सिंह द्वारा दांतों की देखभाल एवं दांतों से संबंधित समस्याओं के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। वहीं डॉ. गौतम शर्मा ने कानों की हियरिंग एवं कानों से संबंधित विभिन्न समस्याओं के प्रति जागरूकता प्रदान की। इस दौरान लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने तथा समय-समय पर दांतों और कानों की जांच करवाने की जानकारी दी गई।

कैंप में ग्रुप की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पार्क में भ्रमण करने पहुंचे लोगों में भी कैंप को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला और लोगों ने स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर ग्रुप की उपाध्यक्ष रचना अहलावत, संगठन मंत्री मंजू गोयल, सचिव प्रियंका, मीडिया प्रभारी सुमन, कमलकौर, खुशबू, कश्मीरा, शीलम, अनंत सिंह, भावना, मुकेश, मिथिलेश, साधना, रेखा पोद्दार, कविता, गीता, सुनीता कुलश्रेष्ठ, सुनीता सहित ग्रुप की अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

## विश्व आदिवासी दिवस संगोष्ठी का आयोजन



गंगापुर सिटी में आदिवासी दिवस मनाते मीणा समुदाय के लोग।

- संस्कृति, परंपराओं, अधिकारों और सामाजिक एकता पर हुई चर्चा

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। विश्व आदिवासी दिवस मीणा आदिवासी समुदाय की सर्वोच्च हथाई दानालपुर हिंगोट में मनाया गया। इस अवसर पर आदिवासी समाज की संस्कृति, परंपराओं, अधिकारों और सामाजिक एकता पर विस्तृत चर्चा की गई। यह कार्यक्रम आदिवासी मीणा पंच पटेल महापंचायत के प्रदेश अध्यक्ष पृथ्वीराज बगलाई के मुख्य आतिथ्य और करौली जिला अध्यक्ष हीरालाल नगला मीना की अध्यक्षता में हुआ।


महापंचायत के प्रदेश प्रवक्ता रूपसिंह गोरेहार ने कहा कि यह दिवस केवल उत्सव मनाने का अवसर नहीं है, बल्कि आदिवासी समुदाय की पहचान, संस्कृति, परंपराओं, संवैधानिक अधिकारों, जल, जंगल और जमीन की रक्षा का संकल्प लेने का दिन है। गोरेहार ने कहा कि वजूद और अधिकारों की रक्षा के लिए आदिवासियत की ओर लौटना होगा। उनके अनुसार, आदिवासियत का अर्थ केवल परंपराओं को याद करना नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति सम्मान, सामूहिकता, स्वाभिमान, न्याय, समानता और अधिकारों के प्रति जागरूकता को जीवन का हिस्सा बनाना है। पांचू पटेल हिंगोट ने कहा कि आदिवासी समुदाय की पहचान प्रकृति, संस्कृति, सामूहिकता और स्वाभिमान से जुड़ी है।

## शपथ ग्रहण समारोह

**हिण्डौन सिटी**, (निसं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश कार्यालय में आज सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता प्रकोष्ठ राजस्थान का शपथ ग्रहण समारोह एवं प्रदेश कार्यकारिणी तथा जिला अध्यक्षों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव ललित तूनवाल, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष श्री विक्रम स्वामी सहित कांग्रेस के प्रदेश नेतृत्व एवं नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली की उपस्थिति रही। इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता प्रकोष्ठ की नवनियुक्त प्रदेश कार्यकारिणी एवं जिला अध्यक्षों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए तथा सभी पदाधिकारियों ने संगठन, संविधान, सामाजिक न्याय और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करने की शपथ ली।कार्यक्रम के दौरान देश की आजादी और राष्ट्र की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इसके पश्चात प्रदेश कांग्रेस कार्यालय से शहीद स्मारक तक पैदल मार्च निकाला गया। पैदल मार्च में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने देश के शहीदों को नमन करते हुए उनके बलिदान को याद किया।

## समरसता संकल्प कलश रथ रवाना



करौली विधानसभा क्षेत्र मीनी वृन्दावन धाम से समरसता संकल्प कलश रथरवाना हुआ।

करौली, (निसं)। 9 अगस्त (फोटो नंबर 1 )।

संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती वर्ष के अवसर पर रविवार को करौली धाम से जिला स्तरीय समरसता संकल्प अभियान कार्यक्रम में संयोजक इंदु जाटव प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पूर्व जिला अध्यक्ष ब्रजलाल डिकोलीया, करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर ,जिला महामंत्री सुरेश शुक्ला,ने अपना सम्बोधन दिया।

भाजपा जिला मीडिया संयोजक मुकेश सालौत्री ने बताया कि इस यात्रा में प्रमुख संतों एवं भाजपा पदाधिकारियों की मौजूदगी में यह कलश रथ करौली जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों के 23 मंडलों एवं गांव-गांव तक पहुंचा लोकसभा प्रत्याशी इंदु देवी जाटव ने कहा कि कांठोस ने सत्ता में रहते हुए न संत रविदास को याद किया, न महर्षि वाल्मीकि का सम्मान किया और न ही डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को उचित सम्मान दिया। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य - पूर्व जिला अध्यक्ष ब्रजलाल डिकोलीया ने कहा कि कांठोस की विचारधारा नेहरू और इंदिरा तक सीमित रही, वे उन्हीं को पूजते रहे। आज़ मोदी सरकार ने भीमराव अंबेडकर का पंच तीर्थ धाम का भव्य पनौरमा निर्माण कर सम्मानित करने और संस्कार संस्कृति का अद्भुत बेमिसाल कार्य किया है करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर ने कहा कि अभियान के प्रमुख कार्यक्रम करौली विधानसभा के प्रमुख धार्मिक स्थलों पर भव्य स्वागत अभिनन्दन एवं सामाजिक सरोकार की भावना से संपन्न होंगे। उन्होंने कहा कि राजस्थान से संत रविदास का गहरा संबंध रहा है। चित्तौड़गढ़ में संत रविदास को समर्पित पैनोरमा का निर्माण और जनजातीय संस्कृति के संरक्षण के लिए शुरू की गई "क्लाउड माटी धरोहर प्रलेखन योजना" सरकार की सामाजिक न्याय और अंत्योदय के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है।सर्व प्रथम रथ करौली विधानसभा में प्रवेश कर मैगज़ीन के महादेव जी के मंदिर पर पूजा अर्चना से पैदल शुभारंभ हुआ और श्री गोमती दास आश्रम पर कलस की पूजा अर्चना की गई , पुरानी कलेक्ट्री सर्किल हनुमान मंदिर पर हनुमान चालीसा के पाठ के साथ और अंबेडकर सर्किल पार्क पर हाथी घटा स्थित बाल्मिक आश्रम पर पूजा अर्चना की गई उधर चैनपुर ब्रह्म ऋषि आश्रम भगवान दास महाराज के द्वारा कलश का -भव्य स्वागत अभिनन्दन व मंत्रोच्चार से कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर, महामंत्री सुरेश शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा, अजय पाल, पुष्पेंद्र बंसल, मीडिया संयोजक मुकेश सालौत्री, प्रवक्ता जितेंद्र पीचानोत आदि मौजूद रहे।

## शहरी सेवा शिविर आज

**करौली**, (निसं)। अतिरिक्त जिला कलक्टर महावीर सिंह ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार आमजन को स्थानीय स्तर पर त्वरित राहत पहुंचाने के उद्देश्य से विभिन्न नगरीय निकायों में शहरी सेवा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 10 अगस्त, सोमवार को नगर परिषद् करौली के वार्ड नम्बर 28, 29, 30 नगर परिषद् हिण्डौन के वार्ड नम्बर 31, 32, 33 में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

# रोडवेज बस में चालक हुआ बेहोश, सात फीट गहरे खेत में उतरी बस, हादसा टला

- गोवर्धन से जयपुर जा रही बस में करीब 30 यात्री सवार थे

**डीग/भरतपुर**, (निसं)। गोवर्धन से जयपुर जा रही वैशाली नगर डिपो की रोडवेज बस रविवार शाम करीब 4:20 बजे डीग-नगर सडक मार्ग पर नरायना कटता के पास अचानक अनियंत्रित होकर सडक से नीचे करीब सात फीट गहरे खेत में उतर गई। हादसे के समय बस में करीब 30 यात्री सवार थे। बस के अचानक सडक से नीचे उतरते ही यात्रियों में चीख-पुकार और अफरा-तफरी मच गई, लेकिन गनीमत रही कि किसी यात्री को गंभीर चोट नहीं आई।

जानकारी के अनुसार बस चालक विश्वेंद्र सिंह 38 बर्ष पुत्र विजय सिंह निवासी करौली, तहसील कुम्हेर की चलती बस में अचानक तबीयत बिगड़ गई और वह चालक सीट पर ही बेहोश हो गया। इसके चलते बस उसके नियंत्रण से बाहर हो गई और नरायना कटता के पास सड़क किनारे खेत में उतर गई। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तत्परता दिखाते हुए बस में सवार सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला। चालक विश्वेंद्र सिंह को मामूली चोटें आईं। वहां से गुजर रही गोवंश एंबुलेंस की मदद से उसे उपचार के लिए डीग जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार जारी है।चालक विश्वेंद्र सिंह ने बताया कि बस चलाते समय अचानक उसकी तबीयत बिगड़ने लगी और इसके बाद वह सीट पर ही बेहोश हो गया। उसे यह पता नहीं चला कि बस कब सड़क से नीचे उतर गई।

## 'लोकतंत्र बचाओ तिरंगा यात्रा' निकाली

**धौलपुर**, (निसं)। अगस्त क्रांति दिवस एवं ऐतिहासिक भारत छोड़ो आंदोलन की स्मृति में जिला कांग्रेस सेवादल, धौलपुर द्वारा आज 'लोकतंत्र बचाओ तिरंगा यात्रा' निकाली गई। यात्रा अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बी. वी.के मार्गदर्शन एवं राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सेवादल के प्रदेशाध्यक्ष हेम सिंह शेखावत के निर्देशानुसार आयोजित हुई। यात्रा जिला कांग्रेस सेवादल की जिलाध्यक्ष समृद्धि दीक्षित के नेतृत्व में, यंग ब्रिगेड जिलाध्यक्ष परवेज पठान की अध्यक्षता में तथा महिला विंग जिलाध्यक्ष विनेश सैन के संयोजन में पुराना हॉस्पिटल चौराहा से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए गांधी पार्क स्थित शहीद स्मारक पहुंची। यहां अमर शहीदों को माल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि अर्पित की गई।


**आम सूचना**

मेरा पुत्र विवेक सिंह चंदेल गलत संगत में पड़ गया है, वह मेरा व मेरे परिवार का कहा नहीं मानता है,विवेक उसकी पत्नी साधना के कहने पर मुझे व मेरे परिवार को परेशान करता है, हमारी वृद्धावस्था व बीमारी में कोई देखभाल नहीं करता है, ना ही मेरी शादीशुदा पुत्री का कोई तीज-त्योहार पर मान सम्मान देता है। विवेक व उसकी पत्नी साधना के व्यवहार से परेशान होकर मैंने इन दोनों को मेरी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। कोई भी व्यक्ति अगर इनसे किसी प्रकार का संबंध रखता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। दिनेश चन्द पुत्र जगदीश प्रसाद 66 वर्ष जाति राजपूत निवासी राजहंस स्कूल रोड़, राजपूत कॉलोनी, महूंकलां तहसील गंगापुरसिटी (स.मा.)


# नगर निकाय एवं पंचायत चुनाव को लेकर कांग्रेस की बैठक

- जिले में कांग्रेस का बोर्ड बनवाने का लिया संकल्प



हिण्डौन सिटी में नगर निकाय एवं पंचायत चुनाव को लेकर विधायक निवास पर हुई कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित हुई।

**हिण्डौन सिटी**, (निसं)। नगर निकाय एवं पंचायत चुनाव को लेकर रविवार को विधायक निवास पर स्थित कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेसियों की बैठक आयोजित हुई जिसमें आगामी सितंबर-अक्टूबर माह में होने वाले नगर निकाय एवं पंचायत चुनाव में कांग्रेस का बोर्ड बनवाने का संकल्प लिया गया।

हिण्डौन देहात ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता प्रमोद तिवाड़ी ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता विधायक अनीता जाटव ने की। इस मौके पर विधायक अनीता जाटव ने बैठक में मौजूद सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारीयों को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी नगर निकाय एवं पंचायत चुनावों में सभी कार्यकर्ताओं से राय लेकर टिकट हम ही देंगे, कोई कितना भी जोर लगा ले। विधायक ने कांठोस कार्यकर्ताओं से कहा कि गलतफहमी निकाल लें। पहले भी विधायक ही नगर निकाय एवं पंचायत चुनावों में कार्यकर्ताओं को कांग्रेस का सिंबल देते थे, अब भी विधायक ही कांठोस कार्यकर्ताओं को टिकट देंगी। विधायक जाटव ने कार्यकर्ताओं से कहा कि सभी कार्यकर्ता अभी से एकजुट होकर नगर निकाय एवं पंचायत चुनाव में कांग्रेस के सिंबल पर चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों को जिताने की पूरी पूरी कोशिश करें। इससे पहले विधायक जाटव ने बैठक में मौजूद सभी कार्यकर्ताओं को विश्व आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं दी। बैठक को संबोधित करते हुए कांठोस के पूर्व जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश मामू ने कहा कि सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर कांठोस प्रत्याशियों को जितवाएं। पूर्व जिला अध्यक्ष ने कहां कि सभी कार्यकर्ता मिलजुल कर कार्य करें जिससे शहर में कांग्रेस का चेयरमैन, प्रधान, प्रमुख बन सके। महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष शरदो गुर्जर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को ही टिकट दिए जाएंगे। बैठक को वरिष्ठ कांठोसी देवीसहाय दत्तात्रेय, महेश बेनीवाल, तारा सिंह बैंसला, हिंडौन शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष ब्रजकिशोर शर्मा, अब्दुल मुलगी, ब्लॉक प्रवक्ता प्रमोद तिवाड़ी, जहीर खान, कांठोस के जिला उपाध्यक्ष निर्भय सिंह वनकी, हुकम सिंह कश्यप, गोपेन्द्र पावटा ने अपने संबोधन में कहा कि लंबे समय से कांग्रेस पार्टी में कार्य कर रहे कार्यकर्ताओं को टिकटें देवें। मंच संचालन दलवीर चौधरी धंधावली ने किया। बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव विक्रम कुमार अटकोली, कप्तान गुर्जर, घनश्याम इरनिया, देवेंद्र शर्मा, यूथ कांग्रेस के प्रदेश सचिव हनी दत्ता, हरि सिंह सूबेदार, पिंटू चौधरी, इंद्राज सिंह, बृजेश भारद्वाज, हरिमोहन सैनी सूरौठ, कल्ला खान, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष हिंडौन फैजान खान सहित अनेक मौजूद रहे।


**तीये की बैठक**



अत्यंत दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूजनीय पिताजी

**आर्किटेक्ट विश्वनाथ शर्मा (फलोड)**

का बैकुण्ठवास दिनांक 08.08.2026 को हो गया है। तीये की बैठक आज दिनांक 10.08.2026 को सायं 5 से 6 बजे तक महावीर स्कूल सी-स्कीम, जयपुर पर होगी।

शोकाकुल परिवार

हरीमोहन-शिवबाला, कृष्णमोहन-सन्तोष, शिवमोहन-इन्द्रा (पुत्र-पुत्रवधू), नरेन्द्र कुमार, राजेन्द्र कुमार (भ्राता), नरेश, दिनेश, लोकेश, प्रतीक, प्रवीण, प्रशान्त (भतीजे), नवीन, हर्ष, डॉ.गौरी, डॉ.ऋषि, एडवोकेट लक्ष्य, उदय, धनंजय, आयुष्मान, अद्विक (पौत्र), स्वाती-अरविन्द भाभडा, श्वेता-नितीश शर्मा (पौत्री-दामाद) एवं समस्त फलोड परिवार

**विश्व प्रेम चैम्बर्स, अजमेर रोड, जयपुर**

मो.: 9660961113, 9828011025, 9828112525